RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

बाहर कस्बों-शहर के, लगे हुए जो ढेर।
उठवाने में लगेगी, उनको अब ना देर।
उनको अब ना देर, रवैया छोड़ा टालू।
मिशन क्लीन पंजाब, कर दिया हमने चालू।
कह साहिल कविराय, बचेंगे अब ना सारे।
उठवा देंगे सभी, लगे जो सड़क किनारे।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 137 | WEDNESDAY DATE 10-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी के नेतृत्व में देश की गति, प्रगति में बड़ा सुधार, विश्व में प्रतिष्ठा बढ़ी : नितिन नवीन

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने मोदी सरकार के अब तक के काल खंड को 'विश्वास, विकास और जनकल्याण ' का दौर बताते हुए मंगलवार को कहा कि इस दौरान राष्ट्र निराशा से उबर कर 'विकसित भारत' की राह पर अग्रसर हुआ है और विश्व में देश की प्रतिष्ठा बढी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र की सत्ता में 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यहां विशेष रूप से आयोजित 'मीडिया संवाद' कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों पर श्री नवीन ने एक प्रस्तुति दी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले देश में अनिश्चितता और निराशा का माहौल था और चारों तरफ भ्रष्टाचार की चर्चा थी। देश का नेतृत्व उस समय कमजोर था और उसमें भटकाव की स्थिति थी। श्री मोदी ने जनता को विश्वास दिया और उनके नेतृत्व में सुशासन से आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं भगवान बिरसा मुंडा : इंद्राज

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं। श्री सिंह ने महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि पर उन्हें आज भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन, सामाजिक अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज को स्वाभिमान, संगठन और अधिकारों की शक्ति का परिचय कराया। उन्होंने जनजातीय समुदायों को उनकी सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और भूमि अधिकारों के संरक्षण के लिए जागृत किया। अल्पायु में ही उन्होंने जो साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया, वह आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं।

## सौरभ भारद्वाज के खिलाफ मानहानि केस: बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंच सके प्रवेश वर्मा, मिली नई तारीख

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।**

दिल्ली सरकार में मंत्री और भाजपा नेता प्रवेश वर्मा द्वारा आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रवेश वर्मा की ओर से अदालत से उनका बयान दर्ज कराने के लिए समय मांगा गया। उनके वकील ने कोर्ट को बताया कि व्यस्तता के कारण प्रवेश वर्मा



निर्धारित तारीख पर पेश नहीं हो सके।

अदालत ने अनुरोध स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 4 जुलाई तय की है। अब 4 जुलाई को राउज एवेन्यू कोर्ट में प्रवेश वर्मा का बयान दर्ज किया जाएगा। दरअसल, आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आरोप लगाया था कि प्रवेश वर्मा ने 'एस.एस. मोटा सिंह स्कूल ट्रस्ट' में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने करीबी सहयोगियों की नियुक्ति कराई है। भारद्वाज ने दावा किया था कि इस ट्रस्ट के पास करीब 500 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

इन आरोपों को प्रवेश वर्मा ने पूरी तरह झूठा, निराधार और मानहानिकारक बताते हुए सौरभ भारद्वाज के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले से जुड़े सिविल मानहानि मुकदमे में भी कार्रवाई जारी है। प्रवेश वर्मा द्वारा दायर सिविल मानहानि याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने सौरभ भारद्वाज को समन जारी किया और उन्हें 30 दिनों के भीतर लिखित जवाब तथा हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

## दिल्ली में हीट वेव से निपटने की तैयारियों की समीक्षा , राहत उपाय बढ़ाने के निर्देश


**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।**

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर बढ़ती गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में 'हीट वेव एक्शन प्लान 2026' की समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंत्री आशीष सूद और प्रवेश वर्मा ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान गर्मी से राहत के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों का आकलन किया गया और उन्हें और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद पहली बार दिल्ली के सभी जिलों में समन्वित तरीके से हीट वेव राहत योजना लागू की गई है। इसके तहत कई विभाग मिलकर लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली की बड़ी आबादी को देखते हुए राहत उपायों का दायरा और बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मोबाइल राहत वैन और कूलिंग सेंटरों की संख्या आवश्यकता के अनुसार बढ़ाई जाए। खास तौर पर उन इलाकों पर ध्यान देने को कहा गया जहां बड़ी संख्या में रेहड़ी-पटरी वाले, मजदूर, बेघर लोग और बाजारों में काम करने वाले लोग मौजूद रहते हैं। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि राहत सेवाएं लगातार उपलब्ध रहें और किसी भी नागरिक को परेशानी का सामना न करना पड़े।





मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कूलिंग सेंटरों पर कर्मचारियों की ड्यूटी बदलते समय विशेष सावधानी बरती जाए ताकि जनसेवा प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी पानी के मटके, कूलर और पानी के कंटेनर समय-समय पर भरे जाते रहें, जिससे लोगों को कभी खाली जल सुविधाओं का सामना न करना पड़े। बैठक में विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल पर भी जोर दिया गया। उपराज्यपाल ने कहा कि नागरिकों को इस बात से कोई मतलब नहीं होता कि कौन-सा विभाग किस क्षेत्र के लिए जिम्मेदार है। लोगों को केवल राहत और सुविधाएं चाहिए, इसलिए सभी एजेंसियों को एक टीम की तरह काम करना होगा और जनता को तुरंत सहायता उपलब्ध करानी होगी। समीक्षा बैठक में बताया गया कि मोबाइल हीट राहत इकाइयों ने अब तक 4.73 लाख से अधिक लोगों को सेवाएं प्रदान की हैं। इन इकाइयों के माध्यम से लाखों लीटर पेयजल, बड़ी संख्या में ओआरएस पैकेट, सूती गमछे और सुरक्षात्मक टोपियां वितरित की गई हैं। इसके अलावा जीटीबी अस्पताल, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, शालीमार चौक और कालकाजी क्षेत्र जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थापित कूलिंग जोन में हजारों लोगों को पानी और राहत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 221 नवनियुक्त कर्मचारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**देहरादून, यूटर्न/ 09 जून ।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, पशुपालन विभाग एवं शहरी विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। पुष्कर सिंह धामी ने नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं बहुत खुश और संतुष्ट हूं कि आज मुझे शहरी विकास विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और पशुपालन विभाग के तहत चुने गए 221 नए युवा साथियों को नियुक्ति पत्र सौंपने का शुभ अवसर मिला है।



### नीट यूजी पुनर्परीक्षा: सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध: धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी से जुड़े विवादों और पुनर्परीक्षा की तैयारियों के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर 21 जून को आयोजित होने वाली नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में अधिकारियों से मुलाकात के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिन छात्रों को पुनर्परीक्षा में शामिल होना है, उनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी।



### दिल्ली में 500 तिरंगे हटाने के आरोप पर सरकार घिरी, आम आदमी पार्टी ने साधा निशाना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।** दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए विशाल राष्ट्रीय ध्वजों को हटाए जाने के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार ने राजधानी में लगाए गए करीब 500 तिरंगों को हटवा दिया है, जो देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक थे। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे दिल्ली में लगभग 500 स्थानों पर 150 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए थे।

## जिनके मन में देश के प्रति आस्था व निष्ठा नहीं, उनके लिए भारत की धरती धर्मशाला नहीं हो सकती: योगी

**» लखनऊ, यूटर्न/ 09 जून ।**

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने दो टूक कहा कि जिनके मन में भारत के प्रति आस्था, निष्ठा नहीं है और जो संस्कारों का सम्मान नहीं कर सकते, ऐसे लोगों के लिए भारत की धरती धर्मशाला नहीं हो सकती। प्रभु श्रीराम से द्रोह करने वालों को धरती पर जगह नहीं मिली।

सीएम योगी ने लव व लैंड जिहाद के प्रति आगाह करते हुए कहा कि इसके विरुद्ध समाज को एकजुटता के साथ खड़ा होना होगा। तोड़ने वाली ताकतें जाति, भाषा, और क्षेत्र के नाम पर विभाजित करने की चेष्टा करेंगी, लेकिन भारत की संत शक्ति समाज को एकजुट कर देश को आगे ले जाना चाहती है। व्यासपीठ द्वारा जिस मर्म को समझाने का प्रयास किया गया, हमें उसे आत्मसात करना होगा। कथा केवल सुनने की नहीं, बल्कि अंगीकार करने की महत्वपूर्ण कड़ी



का हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को राजधानी में 9 दिवसीय रामकथा महोत्सव के समापन समारोह में रामभक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रामकथा का श्रवण भी किया। कथा का वाचन तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा किया गया। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि जो भी प्रभु के सान्निध्य में आया, वह दैवीय आपदा से मुक्त रहता है। उन्होंने कामना की कि हर श्रद्धालु का जीवन सुख व समृद्धि के साथ बढ़ता रहे।

## रक्षा भूमि पर 250 मेगावाट का विशाल सौर ऊर्जा पार्क, रक्षा मंत्री ने दी मंजूरी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।**

देश की ऊर्जा सुरक्षा और हरित ऊर्जा को नई दिशा देने वाले एक महत्वपूर्ण फैसले को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सीतापुर स्थित पूर्व छावनी क्षेत्र की रक्षा भूमि पर 250 मेगावाट क्षमता वाली सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की जाएगी। यह रक्षा मंत्रालय की ओर से रक्षा भूमि पर विकसित की जाने वाली अपनी तरह की पहली बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना होगी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली भी शामिल होगी। यह परियोजना लगभग 850 एकड़ खाली रक्षा भूमि पर विकसित की जाएगी। यह परियोजना रक्षा प्रतिष्ठानों को स्वच्छ और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने के साथ-साथ पारंपरिक ग्रिड बिजली पर निर्भरता भी कम करेगी। इससे



रक्षा क्षेत्र की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी और लंबे समय में सरकारी खर्च में भी उल्लेखनीय बचत होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय की इस पहल का उद्देश्य खाली पड़ी रक्षा भूमि का सर्वोत्तम उपयोग करना भी है। परियोजना के माध्यम से न केवल नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जून ।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र के राजेंद्र नगर बी ब्लॉक में डिवाइडर से टकराकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त टीलामोड़ के भोपुरा स्थित गगन विहार निवासी राहुल (32) के रूप में हुई है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार देर रात करीब 11:45 बजे डायल 112 पर सड़क हादसे की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची तब युवक गंभीर रूप से घायल पड़ा था। उसे पुलिस ने तुरंत इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया और वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया कि युवक की पहचान के बाद परिजन को सूचना दे दी गई थी। एसीपी ने बताया कि परिवार की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। अब तक की जांच में डिवाइडर से बाइक टकराने की बात सामने आई है। यदि शिकायत मिलेगी तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।




### 6 दिन में 3,150 अपराधी चिह्नित, 1086 घर से भागे

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जून ।** खोड़ा में सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस ने जिले का विशेष अपराधी सत्यापन अभियान अब पूरा हो गया है। पुलिस ने एक से छह जून तक चलाए अभियान की रिपोर्ट सोमवार को जारी की। पुलिस का दावा है कि 3,150 अपराधियों का सत्यापन किया है। इनमें 1935 अपराधी घर पर मिले हैं। जबकि 1086 घर से भाग गए हैं। कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने बताया कि खोड़ा और लोनी क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया था। दोनों क्षेत्रों के 473 स्थानों पर चेकिंग की गई थी। खोड़ा में 1091 अपराधियों का सत्यापन किया गया। इनमें से 467 अपराधी घर पर मिले और सभी को अपराध न करने की शपथ दिलाई। वहीं, 597 अपराधी घरों से गायब मिले, जबकि इनमें 27 जेल में हैं। वहीं, लोनी में 2,059 अपराधियों का का सत्यापन किया गया। इनमें से 1468 अपराधी घर पर मिले और 489 लोग घर से गायब थे। वहीं, 102 अपराधी वर्तमान में जेल बंद हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा और भागे हुए अपराधियों को सत्यापन के लिए एक मौका देगी कि वह स्वयं थाने जाकर सत्यापन कराएं। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पटवारखाना कलायत का औचक निरीक्षण, एक पटवारी बिना अनुमति मिला गैरहाजिर

» **कलायत, यूटर्न/ 09 जून ।**

तहसीलदार अजय कुमार ने सोमवार को पटवारखाना कलायत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं, विभिन्न रजिस्टरों तथा राजस्व कार्यों की गहन जांच की गई। साथ ही पटवारखाने में पहुंचे नागरिकों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया गया।



तहसीलदार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राजस्व रिकार्ड का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। आम नागरिकों ने भी राजस्व सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के समय हल्का बाता के पटवारी अशोक दूल बिना अनुमति अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए। इस मामले में संबंधित पटवारी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। तहसीलदार अजय कुमार ने कहा कि प्राप्त जबाव के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी पटवारियों एवं अन्य कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यालय समय के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा आमजन को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करवाएं।

## ग्रेटर कैलाश की बहुमंजिला इमारत में लगी आग, एसी में शॉर्ट सर्किट की आशंका; कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 एन्क्लेव में मंगलवार को एक बहुमंजिला इमारत में आग लग गई। अधिकारियों के अनुसार, जीके-1 एन्क्लेव की डी24 बिल्डिंग में आग संभवतः एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) ने बताया कि उन्हें सुबह 11:36 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।



काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। एक अधिकारी ने बताया, ह्लइस घटना में किसी की जान नहीं गई और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया ह्र आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आगे की जानकारी का इंतजार है। यह घटना दिल्ली के मालवीय नगर में एक बीएंडबी में लगी भीषण आग के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जिसमें 13 विदेशी नागरिकों समेत 22 लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग घायल हो गए थे। इसके बाद, पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया, जिनमें गैर-इरादतन हत्या (जो हत्या की श्रेणी में नहीं आती), आग से नुकसान पहुंचाना, लापरवाही से जान को खतरे में डालना, लापरवाही से गंभीर चोट पहुंचाना, संपत्ति को नुकसान और आग से सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही शामिल हैं।

## युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान, आगे आएं और उठाएं यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का लाभ : धर्मवीर सिंह

**अब तक 915 मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिल चुकी है 2.25 करोड़ रुपये की सहायता**



### अब विधवा, सिंगल मदर के बच्चों एवं अनाथ बच्चों को भी दिया जा रहा है विशेष लाभ

» **प्रमोद कौशिक/संजीव कुमारी**

थानेसर, यूटर्न/ 09 जून । शिक्षा के माध्यम से युवाओं के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में ह्लनवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजनाह्व जरूरतमंद परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बन रही है। इसी योजना को अधिक प्रभावी ढंग से युवाओं तक पहुंचाने के लिए आज जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि अब तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के 915 मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को इस योजना के माध्यम से 2 करोड़ 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का स्पष्ट लक्ष्य है कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा में बाधा न बने।

उन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए आगे आएं, ताकि वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने कहा कि वर्तमान समय में स्कूलों एवं कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि शिक्षा ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है, इसलिए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस योजना से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस योजना का दायरा और अधिक विस्तृत करते हुए अब प्राथमिक कक्षा से लेकर 12वीं तक पढ़ने वाले उन छात्र-छात्राओं को भी शामिल किया गया है, जिनका पालन-पोषण विधवा अथवा सिंगल मदर द्वारा किया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थियों की 50 प्रतिशत फीस नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा वहन की जा रही है। वहीं अनाथ बच्चों की 100 प्रतिशत फीस का भुगतान भी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सरोकार का एक ऐसा अभिनव प्रयास बनकर उभरी है, जो आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है और उनके सपनों को नई उड़ान दे रही है। इस अवसर पर अजैब सिंह, श्याम कौशिक, डॉ. राज कुमार, मोहित शर्मा और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पिछले चार वर्षो के दौरान नगर परिषद द्वारा किए गए कार्यो व खर्च का ब्यौरा किया जाए सार्वजनिक : प्रिया असीजा

**हरियाणा, यूटर्न/ 09 जून ।** नगर परिषद भिवानी में कथित भ्रष्टाचार, भारी वित्तीय अनियमितताओं, कचरा प्रबंधन में घोर लापरवाही और बाहरी व्यक्तियों के अवैध हस्तक्षेप को लेकर शहर की राजनीति गरमा गई है। भिवानी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रिया असीजा ने इस पूरे मामले को लेकर प्रशासन और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जिला नगर आयुक्त भिवानी को शिकायत पत्र सौंपकर इन गंभीर मामलों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। इसके साथ ही इस शिकायत की प्रतियां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल को भी आवश्यक कानूनी व विभागीय कार्रवाई के लिए भेजी गई हैं। हजिला नगर आयुक्त को सौंपे पत्र और मीडिया को दिए अपने बयान में प्रिया असीजा ने कहा कि नगर परिषद भिवानी के अनेक निर्वाचित पार्षद खुद समय-समय पर सार्वजनिक रूप से परिषद के भीतर फैले भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और विकास कार्यों में धांधली के गंभीर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि जब इन पार्षदों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के कारण नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि जनता की गाढ़ी कमाई से टैक्स के रूप में एकत्र किए गए धन का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। इन आरोपों में कितनी सत्यता है, इसकी बिंदुवार जाँच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।



## डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा लाडवा के गांव बन व भालरी में लगभग 3 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट : विश्राम कुमार मीणा

» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 09 जून ।**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा लाडवा के गांव बन व भालरी में लगभग 3 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने लाडवा के गांव बन व भालरी में लगभग 3 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा लाडवा के गांव बन व भालरी में लगभग 3 एकड़ में पनप रही दो अवैध कॉलोनियों के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके



उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुर्माना व 3 साल की सजा का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।

## सुरजेवाला को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने से पार्टी को मिलेगी नई गति : मधुसूदन बवेजा

**अश्विनी वालिया/कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 09 जून ।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला को यदि पार्टी आलाकमान राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपता है तो इससे कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। बवेजा ने कहा कि सुरजेवाला ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में युवा कांग्रेस से लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला विभिन्न राज्यों के प्रभारी, टिकट वितरण समिति के सदस्य, अनुशासन समिति के सदस्य तथा स्टार प्रचारक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला की पहचान एक समर्पित, अनुभवी और संगठन के प्रति निष्ठावान नेता के रूप में है। सभी वर्गों और कार्यकर्ताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ है तथा वे पार्टी के लिए हमेशा एक सच्चे सिपाही की तरह खड़े रहे हैं। बवेजा ने कांग्रेस नेतृत्व से आग्रह किया कि आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुरजेवाला के अनुभव और कार्यशैली का लाभ उठाया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि पार्टी की कमान सुरजेवाला के हाथों में आती है तो कांग्रेस को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेगी।



# नगर पालिका सचिव को 28 आवासीय कालोनियों व भूखंडों की सूची देकर सरकार से स्वीकृत करवाने की मांग

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत , यु-टर्न 9 जून ।सुप्रसिद्ध आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने नगर परिषद सचिव को बकाया सभी 28 आवासीय कालोनियों व भूखंडों की सूची देकर इन्हें तत्काल स्वीकृत कराने का केस सरकार को भेजने की मांग की है ।


कपूर ने बताया कि नगर परिषद अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर की बहुत सारी आवासीय कालोनियों का केस सरकार को अप्रूवल के लिए भेजा ही नहीं गया ।जब कभी भी सरकार ने कालोनियों की सूची मांगी तो परिषद अधिकारियों ने आधा अधूरा सर्वे करके व अधूरी रिपोर्ट बना कर सरकार को भेज दी या छोटे छोटे भूखंड छोड़ दिए गए ।इस का खामियाजा यहां की पब्लिक भुगत रही है ।इसीलिए नगर परिषद एरिया की बकाया सभी 28 आवासीय कालोनियों व भूखंडों की सूची बना कर नगर परिषद सचिव प्रिंस मेहंदीरत्ता को देकर इनका जल्द से जल्द ड्रोन सर्वे करवा कर व नक्शे बनवा कर केस सरकार को भेजने की मांग की है । ताकि इन क्षेत्रों में लोग पक्की सड़कें,नालियां,सीवर,पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं मिल सकें और शहर का विकास हो सके

**नगर परिषद समालखा के एरिया के अंतर्गत सर्वे में रह गई अवैध कालोनियों व छूटे हुए भूखंडों की सूची :-**

1. श्री तारा एन्क्लेव कॉलोनी जगपाल की कोठी से आगे रेलवे लाइन ताक सारा क्षेत्र

2. नेस्ले कंपनी के साथ लगता क्षेत्र (महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती नेस्ले रोड)

3. पावर हाउस से ले कर श्री तारा एन्क्लेव कॉलोनी तक का एरिया दुर्गा कॉलोनी जी.टी. रोड निरंकारी सत्संग भवन के साथ वाली गली




4. प्रीतम पुरा कॉलोनी, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पीछे व साथ लगता का क्षेत्र और कुच्छल के गोदाम के पास का क्षेत्र और पावर हाउस तक का एरिया

5. चुलकाना रोड रेलवे लाइन की तरफ का क्षेत्र शास्त्री कॉलोनी6. भारत नगर रेलवे लाइन पार

7. राजस्थान कॉलोनी रेलवे लाइन पार

8. राजीव कॉलोनी नारायणा रोड का क्षेत्र

9. स्टेट वेयर हाउस के साथ लगता एरिया सीता राम कॉलोनी

10. एसएम मॉल के साथ जीटी रोड पर सीता राम कॉलोनी

11. एसएम मॉल के पीछे सीता राम कॉलोनी

12. नगर परिषद के सामने विजय नगर का क्षेत्र व हथवाला मोड़ गांधी कॉलोनी हथवाला रोड़

13. पुराने पटवार खाने के सामने गांधी कॉलोनी पटवार खाने के पीछे हथवाला रोड की तरफ का क्षेत्र

14. हथवाला रोड गांधी कॉलोनी गली नं. 4 से मस्जिद वाली गली (मयूर विहार) तक हथवाला रोड

15. गीता स्कूल वाली गली में गीता स्कूल की तरफ का क्षेत्र गांधी कॉलोनी

16. ऑफिसर कॉलोनी जांगड़ा धर्मशाला से आगे का एरिया और जांगड़ा धर्म शाला वाली गली नं. 12 और सुरेश अलमारी वाले के पीछे का क्षेत्र

17. पुरानी संगम कॉलोनी में मनीष शर्मा सेक्रेटरी के घर के पास का क्षेत्र व संगम कालोनी (सिविक एमिनिटीज) के पूर्व दिशा में दीवार के अंदर पहले गलती से कुछ एरिया जो अनअप्रूव्ड दिखा रखा है , यहां किल्ले नम्बर गलत दिखा रखे हैं जोकि शजरा अनुसार ठीक करने हैं

18. संगम कॉलोनी एक्सटेंसन जहां मनीष क्लर्क का घर है वह क्षेत्र बिहोली रोड से महाबीर धर्म कांटा का क्षेत्र व संगम कॉलोनी में गौ शाला वाला क्षेत्र (भापुरा रोड)

19. संगम कॉलोनी में गुप्ता फैक्ट्री के पीछे का कुछ एरिया जसबीर प्रॉपर्टी डीलर के घर के साथ लगता एरिया व पी.पी. कपूर के पुराने घर के पीछे का कुछ एरिया व नक्शे में गलती से दिखाई गई गली (जो मौका पर है ही नहीं) को ठीक करना होगा ।

20. बिहोली रोड पर चंद्रो एन्क्लेव भापुरा स्टेडियम के साथ लगती कॉलोनी

21. भापुरा एक्सटेंसन कॉलोनी में होली हार्ट स्कूल और उसके पीछे का क्षेत्र

22 छट माता मंदिर के आस पास भापुरा का एरिया

23. बिहोली रोड पर प्राइमरी स्कूल के सामने शास्त्री नगर में भापरा का रकबा

24. शास्त्री नगर भापरा में पुराना हॉस्पिटल के पीछे का एरिया

25. गेरा धर्म कांटा के पीछे पंचवटी कॉलोनी एक्सटेंशन

26. पंचवटी रोड पर पुराने गैस गोदाम के साथ का एरिया (जोरासी रोड के पास)

27. एचएसआईडीसी के पीछे बजरंग कॉलोनी का एरिया

28. आजाद नगर के अप्रूव्ड नक्शे में ईश्वर फ्रूट वाले के मकान का किला नंबर गलती से फिरनी के बाएं साइड पर दिखा रखा है , यहां किल्ले नम्बर गलत दिखा रखे हैं जोकि शजरा अनुसार ठीक करने हैं, इस नक्शे को ठीक करना है ।

# पुलिस की मिसिंग सेल टीम ने फैक्ट्रियों में पहुंचकर महिलाओं को महिला विरुद्ध अपराध

## हेल्पलाइन नंबरों व महिला सुरक्षा कानूनों की दी जानकारी



» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 09 जून । जिला पुलिस महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने और उन्हें महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की मिसिंग सेल टीम द्वारा स्कूल, कॉलेज, कॉलोनियों व फैक्ट्रियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं कानूनी सहायता संबंधी जानकारी देकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है। मिसिंग सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर रेखा ने अभियान के तहत मंगलवार को अपनी टीम के साथ पसीना रोड़ व चौटाला रोड पर विभिन्न फैक्ट्रियों में पहुंचकर वहां कार्यरत महिलाओं को महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों और हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से जागरूक किया। महिलाओं को छेड़छाड़, पीछा करना, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसे अपराधों के बारे में गहन जानकारी देते हुए उनसे को सतर्क रहने की अपील की गई ।

इंस्पेक्टर रेखा ने कहा कि महिलाएं किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या डर को सहन न करें। यदि कोई व्यक्ति उनका पीछा करता है, रास्ता रोकता है या किसी भी प्रकार से परेशान करता है तो तुरंत इसकी सूचना दुर्गा शक्ति एप, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 अथवा डायल 112 पर दें। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने महिलाओं को दुर्गा शक्ति एप के उपयोग की जानकारी देते हुए कहा कि यह एप आपात स्थिति में महिलाओं के लिए बेहद उपयोगी सुरक्षा माध्यम है। पानीपत पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर है और हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है। इसी के साथ टीम ने साइबर अपराध व नशे के खिलाफ भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। इंस्पेक्टर रेखा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

दुर्गा शक्ति टीम स्कूल, कॉलेजों और चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में नियमित गश्त कर शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। इसके साथ ही शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने के अलावा सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

अभिभावक छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें; इंस्पेक्टर रेखा ने महिलाओं को छोटे बच्चों की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

छोटे बच्चों को घर, गली या सार्वजनिक स्थानों पर अकेला न छोड़ें। बच्चों को अनजान व्यक्तियों से दूरी बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी परिजनों को देने के बारे में जागरूक करें।



# पुस्तकालय के माध्यम से बच्चों को तैयारी करने में होगी सहायक : जय भगवान जांगड़ा

**निर्मल सिंह विर्क/ पानीपत, यु-टर्न 9 जून** । गोल्ली गाँव में अटल पुस्तकालय का उद्घाटन हुआ ।जिसमें मण्डल अध्यक्ष जयभगवान जागंडा ने भाजपा विधायक योगेन्द्र राणा के सहयोग से अटल पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार का सहरानीय कार्य है। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में पुस्तकालय न होने के कारण अपने पेपरो की तैयारी नहीं कर सकते थे। बच्चों को तैयारी करने के लिए उसे शहर में जाने पर मजबूर होना पड़ता था। इसके माध्यम से सभी गांव के बच्चे अपनी तैयारी करने का मौका मिलता है। सरकार द्वारा को बच्चो के भविष्य बनाने का नेक कार्य किया । इस अवसर पर सरपंच उमेद सिंह ,जेई सन्दीप, सतपाल, विजय, नरेश पंच, सुमित, कुलदीप जागडा, रामपाल, दयानन्द, प्रदीप पंच ' रामनिवास, हरदत्त शर्मा, सुमित, रमेश व पुस्तकाल्य मे पढ़ रहे विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# थाना कलायत पुलिस द्वारा 64 बोतल देसी शराब सहित आरोपी काबू

**रवि जैस्ट/कलायत, यूटर्न/ 09 जून** । अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कलायत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 64 बोतल अवैध देसी शराब सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना कलायत एसएचओ पीएसआई अमन की अगुवाई में हेड कांस्टेबल राममेहर की टीम को गश्त दौरान सूचना मिली की गांव कैलरम की निवासी सतपाल उर्फ पाली अपने मकान के दरवाजे पर बाहरी क्षेत्र से शराब लाकर अवैध रूप से बेचने का कार्य कर रहा है। सूचना पुख्ता होने पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश देकर सतपाल उर्फ पाली को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से कुल 64 बोतल देसी शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# कानपुर देहात में रिकॉर्ड तोड़ एक दिन में 15 वारंटी शिवली में गिरफ्तार

» सुनील बाजपेई




कानपुर। देहात की पुलिस अधीक्षक द्वारा वांक्षित वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा 15 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

कानपुर देहात पुलिस के इतिहास में यह पहला मौका है जब इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर की अगुवाई में शिवली पुलिस द्वारा एक साथ 15 वारंटी गिरफ्तार किए गए हैं। मतलब 15 वारंटियों की एक साथ रिकॉर्ड गिरफ्तारी कानपुर देहात के किसी भी थाने में नहीं की गई।

शिवली के अपने अबतक के कार्यकाल में छोटी बड़ी सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करने वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल निष्पक्ष और पारदर्शी कर शैली के इंस्पेक्टर अमरीन बहादुर सिंह की अगुवाई में यह सफलता सब इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह, अजय कुमार, आनन्द कुमार पाण्डेय, नरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल, श्यामलाल, सुशील कुमार कांस्टेबल रोहित कुमार, गौरव, मनीष कुमार ,नरेन्द्र सिंह, संजय और राजकुमार की टीम को मिली, जिसके द्वारा गिरफ्तार किए गए वारंटियों रामू पुत्र श्यामलाल कुशवाहा निवासी ग्राम नुनारी बहादुरपुर रामजी पुत्र महेश चन्द्र निवासी ग्राम निवासी खलकपुर बिठूर थाना शिवली को गिरफ्तार करने मेंसफलता प्राप्त की।

इसी तरह से, वीरेन्द्र उर्फ मिसिर पुत्र सहदेव कोरी निवासी ग्राम चम्पतपुर, राजेन्द्र पुत्र सहदेव कोरी निवासी ग्राम चम्पतपुर, ज्ञानू उर्फ ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र सन्त सिंह निवासी लालपुर शिवराजपुर, मो0 इस्लाम पुत्र ईशा निवासी ग्राम मैथा, राजेन्द्र पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी ग्राम मकरन्दपुर, संजय कुमार पुत्र बालकराम निवासी वार्ड न0 2 नगर पंचायत, सुशील पुत्र रामप्रसाद निवासी जवाहर नगर , ओमप्रकाश पुत्र विजय नारायण निवासी भोला निवादा , महेश चन्द्र पुत्र स्व० सीताराम निवासी ग्राम खरकपुर बिठूर थाना दीपक पुत्र सुरेन्द्र सविता निवासी ग्राम भंगापुरवा, रामबाबू पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बैरी वस्ता शैलेन्द्र पुत्र तेजराम निवासी ग्राम वाघपुर ,तेजराम पुत्र रामविलास निवासी वाघपुर थाना शिवली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# गौतमबुद्धनगर पुलिस ने शुरू किया व्यापक साइबर जागरूकता अभियान

**नोएडा, यूटर्न/ 09 जून** । डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने एक व्यापक सोशल मीडिया आधारित साइबर जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य साइबर सुरक्षा को नागरिकों की दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना है, ताकि लोग डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय अधिक सतर्क, जागरूक और सुरक्षित रह सकें। अभियान के तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से नियमित रूप से साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां, सुझाव और जागरूकता संदेश साझा किए जाएंगे। कमिश्नरेट पुलिस का कहना है कि वर्तमान समय में ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, ई-कॉमर्स, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों के मामलों में भी लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। ऐसे में लोगों को समय रहते जागरूक करना बेहद आवश्यक हो गया है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली यूनिवर्सिटी का छात्र ड्रग सप्लाई में गिरफ्तार, 20 लाख का नशीला पदार्थ बरामद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून।

दिल्ली विश्वविद्यालय से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां नॉर्थ-वेस्ट जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने एक छात्र को हाइड्रोपोनिक गांजा की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 20 लाख रुपए कीमत की प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि विजय नगर डबल स्टोरी इलाके में एक युवक हाइड्रोपोनिक गांजे की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई, इस दौरान 22 वर्षीय जसीम सियादुल फरसान को गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान उसके पास से 195 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई जा रही है।

जांच में सामने आया कि आरोपी दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज में बीए अंतिम वर्ष (आठवें सेमेस्टर) का छात्र है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह जल्दी पैसे कमाने के लालच में इस अवैध धंधे में शामिल हो गया था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी न केवल खुद इस कारोबार में सक्रिय था, बल्कि कॉलेज के अन्य छात्रों को भी नशे की सप्लाई करता था। वह मांग के अनुसार ग्राहकों को ड्रग्स उपलब्ध कराता था।

डीसीपी नॉर्थ-वेस्ट आकांक्षा यादव ने बताया कि हाइड्रोपोनिक गांजा, एक उच्च गुणवत्ता वाला प्रतिबंधित मादक पदार्थ है, जिसकी बाजार में भारी मांग रहती है।

# सीलिंग, तोड़फोड़ और नोटिसों की कार्रवाई तेज, 42 संपत्तियां सील, 26 पर चला प्रशासन का बुलडोजर




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून।

राजधानी में अवैध निर्माण, भवन उपविधियों के उल्लंघन और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। एमसीडी और जिला प्रशासन की कार्रवाई में एक ही दिन में 26 संपत्तियों पर तोड़फोड़ और 42 संपत्तियों को सील करने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा 41 संपत्तियों को नोटिस और नौ संपत्तियों को ध्वस्तीकरण करने के आदेश दिए।

दिल्ली सरकार व एमसीडी के अनुसार सोमवार को अनधिकृत निर्माण से जुड़े मामलों में 22 शो-कॉज नोटिस जारी किए गए, जबकि सीलिंग से संबंधित 19 कारण बताओ नोटिस दिए गए। इसके अलावा नौ ध्वस्तीकरण आदेश भी जारी किए गए। निरीक्षण रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के विभिन्न जिलों में 86 स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई होटलों, गेस्ट हाउसों, बैंक्वेट हॉलों, रेस्तरां और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में गंभीर सुरक्षा खामियां पाई गईं। सबसे अधिक 24 परिसरों का निरीक्षण पश्चिमी जिले में किया गया, जबकि दक्षिण जिले में 20, दक्षिण-पश्चिम जिले में 11 और मध्य जिले में 10 स्थलों की जांच हुई। कई स्थानों पर शो-कॉज नोटिस जारी किए गए और कुछ मामलों को भवन उपविधियों के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया। करोल बाग क्षेत्र में कई होटलों में अग्निशमन व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़ी गंभीर कमियां मिलीं। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन निकास योजना का अभाव, फायर अलार्म और फायर हाइड्रेंट सिस्टम का काम न करना, बिना लाइसेंस लिफ्ट का उपयोग और आपदा प्रबंधन योजना न होने जैसी खामियां सामने आईं।

इन मामलों में संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए। पटेल नगर क्षेत्र में बैंक्वेट हॉल और कॉमर्शियल भवनों के निरीक्षण के दौरान अग्निशामक यंत्रों की कमी, फायर सेफ्टी संकेतकों का अभाव, कर्मचारियों को सुरक्षा प्रशिक्षण न होना और फायर विभाग से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने जैसी कमियां पाई गईं।

# गांधी नगर मर्डर केस में आरोपी गिरफ्तार

## शराब पीने के दौरान साथी कर्मचारी ने घोंप दी थी कैंची



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून।

दिल्ली के शाहदरा जिले की गांधी नगर थाना पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले को एफआईआर दर्ज होने के मात्र आठ घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल खून से सनी कैंची और घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़े बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार 5 जून को डॉ. हेडगेवार अस्पताल से सूचना मिली थी कि कृष्ण कुमार नामक एक व्यक्ति को चाकू लगने से घायल अवस्था में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन घायल कृष्ण कुमार अपनी स्थिति के कारण घटना के बारे में कुछ भी बताने या हमलावर की पहचान करने में असमर्थ था। बाद में वह मेडिकल स्टाफ को बिना सूचना दिए अस्पताल से चला गया और पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने पर भी किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया।

अगले दिन 6 जून को जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि कृष्ण कुमार की चोटों के कारण मौत हो गई है। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या के एंगल से जांच शुरू की गई। इंस्पेक्टर राज कुमार (एसएचओ), इंस्पेक्टर रॉबिन सिंह, एसआई विकास कुमार, हेड कांस्टेबल राहुल चौधरी और हेड कांस्टेबल अमन बंसल की टीम का गठन किया गया, जो एसीपी गांधी नगर मनस्वी वशिष्ठ के मार्गदर्शन और डीसीपी शाहदरा राजेंद्र प्रसाद मीणा की निगरानी में काम कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गांधी नगर के रघुवरपुरा-2 स्थित एक गारमेंट फैक्ट्री में काम करता था। फैक्ट्री मालिक और कर्मचारियों से पूछताछ में सामने आया कि 4 जून की रात फैक्ट्री परिसर में कुछ कर्मचारी शराब पी रहे थे। इसी दौरान उनके बीच विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार झगड़े के दौरान अरवाज नामक कर्मचारी ने पहले टाइगर नाम के कर्मचारी पर हमला किया और बाद में कृष्ण कुमार को कैंची घोंप दी।

गंभीर रूप से घायल कृष्ण कुमार की बाद में मौत हो गई। पुलिस ने चश्मदीदों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर 7 जून को गांधी नगर थाने में बीएनएस की धारा 103(1) के तहत एफआईआर संख्या 216/2026 दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की।

## संक्षिप्त खबरें

### दूध कारोबारी अपहरण के आरोपी मोहित को रिमांड पर लेगी पुलिस

लोनी, यूटर्न/ 09 जून। खड़खड़ी अंडरपास दूध कारोबारी को गोली मारकर साथ ले जाने के मामले में 10 दिन बाद भी पुलिस उनका सुराग नहीं लगा सकी। हालांकि पुलिस ने एनडीआरएफ की अभ्म लगाकर लगातार उनकी तलाश करा रही है, लेकिन अभी तक कामयाबी नहीं मिली है। वहीं, मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए आरोपी मोहित को पुलिस रिमांड पर लेने की बात सामने आई है। मोहित ही वह कड़ी है जिसने पूरे मामले का खुलासा किया था। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि पुलिस ओमकार उर्फ ओमान की बरामदगी के साथ-साथ भागे हुए तीन आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। मुख्य आरोपी सौरभ, गोपाल और अन्य ने कोर्ट में सरेंडर करने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। इस घटना में जो भी आरोपियों की मदद कर रहा है। उसको चिंहित कर लिया है और जल्द ही उनको भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार हुए मोहित को पुलिस रिमांड लेगी। मोहित की रिमांड अर्जी कोर्ट में स्वीकृत हो चुकी है। उधर ओमकार के न मिलने पर नाराज परिजनों ने जल्द पंचायत करने का फैसला लिया है।

### दो करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी में आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जून। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में 2.11 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी, फर्जीवाड़े और मानहानि के मामले में आरोपी योगेश मेहरा की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-7 ने यह निर्णय सुनाया। अदालत से मिली जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2023 में योगेश मेहरा ने खुद को मेगा माउंड फर्म का पार्टनर बताते हुए शिकायतकर्ता नितिन शर्मा से संपर्क किया। इसके बाद 19 दिसंबर 2023 को दोनों पक्षों के बीच लगभग पांच करोड़ रुपये की परियोजना का समझौता हुआ। शिकायतकर्ता का आरोप है कि योगेश मेहरा ने परियोजना के नाम पर भुगतान प्राप्त करने के बाद 2.11 करोड़ रुपये अतिरिक्त राशि वसूल ली और परियोजना अधूरी छोड़ दी। साथ ही, जीएसटी पंजीकरण से जुड़ी गलत जानकारी भी दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि अनुबंध की शर्तों का पालन न होने पर 11 जुलाई 2024 को आरोपी की सेवाएं समाप्त कर दी गईं।



# सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन: विश्राम कुमार मीणा



» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 09 जून। पायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदान किया जाता है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाता है, जिसमें व्यक्तिगत एवं संस्थागत श्रेणियां शामिल हैं। केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। इसमें ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनका संबंध आपदा प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान, नवाचार तथा जागरूकता गतिविधियों से हो। आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण देना अनिवार्य होगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिले के सभी पात्र संस्थानों एवं व्यक्तियों से अपील की कि वे इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए समय रहते आवेदन करें। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पोर्टल एनडीएमए डॉट इन पर उपलब्ध है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष : विश्वास, विकास और जनकल्याण की नई गाथा

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 09 जून। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पिछले 12 वर्ष अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहे हैं। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब उन्होंने ह्रसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्र का मंत्र दिया। इन 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्रों में अनेक योजनाएं लागू कीं, जिनका प्रभाव देश के विभिन्न वर्गों तक पहुंचा। सबसे पहले यदि गरीब कल्याण की बात करें तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले। उज्ज्वला योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाते हुए रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए, जबकि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत करोड़ों शौचालयों के निर्माण से स्वच्छता को जनआंदोलन




का स्वरूप मिला।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। जन-धन योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते खोले गए, जिससे वित्तीय समावेशन को मजबूती मिली। ह्रलखपति दीदीह्र जैसी योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका देने जैसे निर्णय भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहे हैं।

युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हुए सरकार ने कौशल विकास, स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा दिया। स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत करोड़ों युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मुद्रा योजना के माध्यम से छोटे उद्यमियों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराए गए। आज भारत दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप केंद्रों में शामिल है, जहां नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन मिल रहा है।

किसानों के हित में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता सीधे किसानों के खातों में भेजी जा रही है। फसल बीमा योजना ने प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई में सहायता की है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि तथा किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं ने कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान की है।

स्वास्थ्य सेवाओं में आयुष्मान भारत योजना एक क्रांतिकारी पहल सिद्ध हुई है। इसके माध्यम से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु आर्थिक सुरक्षा मिली है। जन-औषधि केंद्रों के विस्तार से सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने न केवल अपने नागरिकों को टीके उपलब्ध कराए बल्कि अनेक देशों की भी सहायता की, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी।

आधारभूत ढांचे के विकास में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। देशभर में एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे आधुनिकीकरण, वंदे भारत ट्रेनों, नए हवाई अड्डों और बंदरगाहों का विस्तार हुआ है। डिजिटल इंडिया अभियान ने शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। आज भारत डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में गिना जाता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध कठोर नीति अपनाई। सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ किया गया तथा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला। रक्षा उत्पादन और निर्यात में हुई वृद्धि भारत की बढ़ती सामरिक क्षमता का प्रमाण है। उरी और पहलगाम जैसी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी घटनाओं के बाद भारत ने केवल कड़ी निंदा तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई का संदेश दिया। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।

# किआ सोनेट के कुछ वेरिएंट्स की कीमतों में 1700 रुपये तक का इजाफा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।**




कार निमार्ता जापानी कंपनी हुंडई के बाद अब किआ इंडिया ने भी अपने वाहन पोर्टफोलियो की कीमतों में संशोधन शुरू कर दिया है। हुंडई ने अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी किआ सोनेट की कीमत में वृद्धि की घोषणा की है। सोनेट के कुछ वेरिएंट्स की कीमतों में अधिकतम 1,700 रुपये तक का इजाफा हुआ है।

नई कीमतों के अनुसार, किआ सोनेट की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत अब 7,33,500 रुपये हो गई है, जबकि पहले इसकी शुरूआती कीमत 7,31,900 रुपये थी।यानी बेस वेरिएंट की कीमत में करीब 0.22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

ऐसे में जो ग्राहक निकट भविष्य में इस एसयूवी को खरीदने की योजना बना रहे हैं, उन्हें अब पहले की तुलना में अधिक कीमत चुकानी होगी। किआ सोनेट भारतीय बाजार में तीन इंजन विकल्पों के साथ उपलब्ध है।इसमें 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 120 बीएचपी की शक्ति और 172 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करता है। दूसरा विकल्प 1.2 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन का है, जो 83 बीएचपी की शक्ति और 115 न्यूटन मीटर का टॉर्क प्रदान करता है। वहीं, 1.5 लीटर डीजल इंजन 116 बीएचपी की शक्ति और 250 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करता है।

सुरक्षा के लिहाज से किआ सोनेट में छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम तथा 360 डिग्री कैमरा जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा, इसमें लेवल-1 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम भी उपलब्ध है, जो ड्राइविंग को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाता है।

# एक दशक में 70 प्रतिशत बढ़ा समुद्री उत्पादों का निर्यात

## अगले 5 वर्षों में 30 अरब डॉलर के लक्ष्य पर नजर: पीयूष गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।**



भारत का समुद्री उत्पाद (सीफूड) निर्यात पिछले दस वर्षों में करीब 70 प्रतिशत बढ़ा है और अब सरकार अगले पांच वर्षों में इसे 30 अरब डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात विशाखापट्टनम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय समुद्री उत्पाद निर्यात कार्यशाला के दौरान कही।

मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग ने मत्स्य पालन विभाग और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से 5-6 जून 2026 को इस कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य मूल्य संवर्धन, टिकाऊ उत्पादन, बेहतर बाजार पहुंच, नवाचार और आधुनिक बुनियादी ढांचे के जरिए भारत के समुद्री उत्पाद निर्यात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि भारत वर्तमान में वैश्विक सीफूड व्यापार में लगभग 4 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। उन्होंने उद्योग जगत, निर्यातकों और किसानों से मिलकर काम करने का आह्वान किया ताकि अगले पांच वर्षों में समुद्री उत्पादों का निर्यात 30 अरब डॉलर तक पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि रेडी-टू-ईट और रेडी-टू-कुक जैसे वैल्यू एडेड उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही हाल के वर्षों में भारत द्वारा किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से खुले नए बाजारों का लाभ उठाकर निर्यात बढ़ाने पर भी जोर दिया।

वहीं, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र है और भारत के समुद्री उत्पाद निर्यात में उसकी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नवाचार, ब्रांडिंग, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योगों के सहयोग के जरिए आंध्र प्रदेश को वैश्विक समुद्री उत्पाद निर्यात हब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही, केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने बताया कि देश में मछली उत्पादन 2012-13 के 95.8 लाख टन से बढ़कर 2024-25 में लगभग 198 लाख टन तक पहुंच गया है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का समुद्री उत्पाद निर्यात करीब 73,890 करोड़ रुपए (8.46 अरब डॉलर) तक पहुंच गया है।

उन्होंने बताया कि फ्रोजन झींगा अभी भी भारत का सबसे बड़ा समुद्री निर्यात उत्पाद बना हुआ है। सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और पीएमकेएसएसवाई 2.0 जैसी योजनाओं के माध्यम से नियातोंन्मुखी बुनियादी ढांचे, ट्रेसबिलिटी और टिकाऊ एक्वाकल्चर को बढ़ावा दे रही है।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू ने कहा कि उच्च मूल्य वाले समुद्री उत्पादों के निर्यात के लिए मजबूत एयर कार्गो और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क बेहद जरूरी है।

# एशिया में बढ़ती मांग और यूरोप की खरीदारी से वैश्विक एलएनजी की कीमतों में हो सकती है वृद्धि: रिपोर्ट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।**



एक रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई देशों में बढ़ती मांग और सर्दियों से पहले यूरोप द्वारा अपने कम हो चुके गैस भंडार को फिर से भरने की आवश्यकता के चलते वैश्विक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतों के अगले कुछ महीनों में तीन साल से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।

मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि एशियाई एलएनजी बेंचमार्क कीमत इस साल की तीसरी और चौथी तिमाही में बढ़कर 25 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) तक पहुंच सकती है, जो मौजूदा फॉरवर्ड मार्केट स्तरों की तुलना में 30 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी होगी। अगर यह अनुमान सही साबित होता है, तो एलएनजी की कीमतें 2023 की शुरूआत के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच जाएंगी। उस समय यूरोपीय देशों ने रूस से पाइपलाइन गैस की आपूर्ति कम होने के बाद बड़े पैमाने पर एलएनजी की खरीद की थी।

वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी का कहना है कि मध्य पूर्व में तनाव कम होने की स्थिति में भी एलएनजी की कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास जारी व्यवधान का वैश्विक एलएनजी आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। यह मार्ग कतर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख एलएनजी निर्यातक देशों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और चीन सहित एशिया के प्रमुख बाजारों में प्राकृतिक गैस की खपत फिर से बढ़ने लगी है। वहीं, यूरोप पर सर्दियों के मौसम से पहले अपने गैस भंडार को भरने का दबाव लगातार बढ़ रहा है। मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों के अनुसार, मार्च और अप्रैल में वैश्विक एलएनजी आयात कमजोर रहने से आपूर्ति में आई बाधाओं का असर कुछ हद तक कम हो गया था। हालांकि अब गर्मियों के आगमन और ऊर्जा भंडारण बढ़ाने की बढ़ती जरूरत के कारण मांग फिर से तेज होने लगी है। फारस की खाड़ी क्षेत्र में आपूर्ति संबंधी चुनौतियों के बावजूद, दुनिया के अन्य हिस्सों में एलएनजी उत्पादन बढ़ने और उत्तरी अमेरिका में नए निर्यात संयंत्र शुरू होने से वैश्विक आपूर्ति को समर्थन मिला है।




# भारत में कोल एक्सचेंज स्थापित करने का रास्ता हुआ साफ, बनेगा पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बाजार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।**

सरकार ने देश में कोल एक्सचेंज स्थापित करने का रास्ता साफ कर दिया है। यह कदम भारत की कोयला आपूर्ति व्यवस्था को आधुनिक बनाने और पारदर्शी तथा बाजार-आधारित ट्रेडिंग सिस्टम विकसित करने की दिशा में एक बड़ा सुधार माना जा रहा है।

कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि हाल ही में लागू खनिज और खनन (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2025 के तहत पहली बार मिनरल एक्सचेंज की अवधारणा पेश की गई है। इसके जरिए केंद्र सरकार को कोयले और उसके प्रसंस्कृत उत्पादों सहित विभिन्न खनिजों के पारदर्शी और प्रभावी व्यापार को बढ़ावा देने का अधिकार मिला है।

मंत्रालय के अनुसार, इस कानून को लागू करने के लिए सरकार ने इसी महीने कोल एक्सचेंज नियम, 2026 को अधिसूचित किया है। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने दिसंबर 2025 में कोल कंट्रोलर ऑर्गनाइजेशन (सीसीओ) को वह प्राधिकरण नियुक्त किया था, जो कोल एक्सचेंजों के पंजीकरण और नियमन की जिम्मेदारी संभालेगा।

मंत्रालय ने बताया कि पात्र संस्थाओं को सीसीओ की ओर से कोल एक्सचेंज स्थापित करने और संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। ये संस्थाएं बाजार के नियम और उपनियम तैयार करेंगी तथा कोयले के व्यापार को सुगम बनाने का काम करेंगी।

सरकार के अनुसार, कोल एक्सचेंज का पंजीकरण 25 वर्षों के लिए मान्य होगा।

मंत्रालय ने कहा कि कोल एक्सचेंज की शुरूआत कोयला विपणन व्यवस्था में एक ऐतिहासिक बदलाव साबित होगी। इससे अब तक चल रही पारंपरिक 'एक विक्रेता से कई खरीदार' व्यवस्था की जगह 'कई विक्रेता और कई खरीदार' वाले प्रतिस्पर्धी प्लेटफॉर्म का विकास होगा। नए ढांचे के तहत कोयले की कीमतों का निर्धारण अधिक पारदर्शी और बाजार आधारित तरीके से हो सकेगा। इससे कारोबार की दक्षता बढ़ेगी और वाणिज्यिक तथा कैप्टिव खदान संचालकों सहित सभी कोयला उत्पादकों को अधिक संख्या में खरीदारों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नए खिलाड़ियों की बहार से गुलजार भारतीय वाहन उद्योग

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।** भारतीय वाहन उद्योग एक अभूतपूर्व परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है, जहां नए खिलाड़ियों की एक विशाल लहर देखी जा रही है। वियतनाम की विनफास्ट जैसी कंपनियों की तेजी से सफल यात्रा और वैश्विक दिग्गज टेस्ला की बढ़ती हलचल के बीच भारत का वाहन बाजार 2025-26 तक कंपनियों की संख्या में हैरतअंगेज 37 फीसदी की वृद्धि दर्ज करने को तैयार है, जो पिछले वित्त वर्ष के 350 से बढ़कर 480 तक पहुँच जाएगी। नीतिगत प्रोत्साहन, सुदृढ़ होते बुनियादी ढाँचे और पारंपरिक ईंधन की बढ़ती लागत इस उछाल के प्रमुख कारक हैं, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति का स्पष्ट दबदबा है। एनवायरोकैटेलिस्ट्स द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार यह वृद्धि मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहन खंड से आ रही है। अकेले दोपहिया वाहन श्रेणी में ही 2025-26 के दौरान 27 नई कंपनियों ने भारतीय बाजार में प्रवेश किया, जिनमें से चौंकाने वाले 96 प्रतिशत (26 कंपनियां) इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र से थीं। इसी तरह ई-रिक्शा जैसी श्रेणियों में भी लगभग 104 नए खिलाड़ी सामने आए हैं।

### महिंद्रा स्कॉर्पियो ने हासिल किया सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी का स्थान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।** भारतीय बाजार में महिंद्रा स्कॉर्पियो ने एक बार फिर अपनी मजबूत पकड़ साबित की है। बाजार में मिड-साइज एसयूवी की मांग लगातार बढ़ रही है। मई 2026 के बिक्री आंकड़ों पर नजर डाले तो स्कॉर्पियो ने हुंडई क्रेटा को पीछे छोड़ते हुए इस श्रेणी में सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी का स्थान हासिल किया। मई महीने में स्कॉर्पियो की 15,774 इकाइयों की बिक्री हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.5 प्रतिशत अधिक है। बिक्री सूची में दूसरे स्थान पर हुंडई क्रेटा रही, जिसकी 15,235 इकाइयां बिकीं। क्रेटा की बिक्री में सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं तीसरे स्थान पर मारुति सुजुकी विक्टोरिस रही, जिसने 10,853 इकाइयों की बिक्री की। महिंद्रा थार 10,787 इकाइयों की बिक्री के साथ चौथे स्थान पर रही और इसकी बिक्री में 3.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। किआ सेल्टोस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 74.2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की और 10,597 इकाइयों की बिक्री के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा 9,366 इकाइयों की बिक्री और 80.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ छठे स्थान पर रही।

# एपल का आईओएस 27, एआई और स्पीड का बेजोड़ संगम

## आईफोन यूजर्स को मिलेगा अभूतपूर्व अनुभव

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जून ।**




एपल ने अपने सालाना वर्डवाइड डेवलपर कॉन्फ्रेंस (डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी) 2026 इवेंट में आईओएस 27 को आधिकारिक तौर पर पेश कर दिया है। यह नया ऑपरेटिंग सिस्टम आईफोन यूजर्स के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कई बड़े बदलाव और फीचर्स लेकर आया है, जो डिवाइस को पहले से कहीं ज्यादा तेज और स्मार्ट बनाएंगे। आईओएस 27 लिक्विड ग्लास डिजाइन में सुधार करता है, जिससे यूजर इंटरफेस की पारदर्शिता अपनी पसंद के अनुसार एडजस्ट की जा सकेगी। एपल का दावा है कि नए अपडेट के बाद ऐप्स 30 और फोटोज 70 फीसदी तेजी से खुलेंगे, जबकि एयरड्रॉप ट्रांसफर स्पीड में 80 फीसदी का सुधार हुआ है। इस अपडेट की सबसे बड़ी खासियत नया सिरी एआई है, जो अब एक अलग ऐप के रूप में आया है। यह सिरी अब एपल के फाउंडेशन मॉडल और गूगल जेमिनी एआई मॉडल के साथ मिलकर पहले से कहीं ज्यादा स्मार्ट और संवादात्मक बन गया है। एपल इंटेलिजेंस को सफारी (स्वचालित टैब व्यवस्थापन), फोटोज और वॉलेट जैसे ऐप्स में भी इंटीग्रेट किया गया है। फोन और मेल ऐप्स के बीच बेहतर तालमेल भी देखने को मिलेगा, जिससे बिजनेस कॉल पर संबंधित जानकारी स्क्रीन पर दिखेगी और स्मार्ट सुझाव मिलेंगे। आईओएस 27 इस साल के अंत में आईफोन 11 सीरीज और उसके बाद के मॉडल्स के लिए उपलब्ध होगा। हालांकि, एपल इंटेलिजेंस के कुछ एडवांस एआई फीचर्स केवल आईफोन 15 प्रो और उससे नए मॉडल्स तक सीमित रहेंगे। यह एपल का अब तक का सबसे बड़ा एआई-केंद्रित अपडेट है।

## संक्षिप्त खबरें

### 1.40 करोड़ रुपये डासना में तैयार होगा एसटीपी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जून ।** डासना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार किए गए आवासों के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अब एसटीपी की व्यवस्था करने जा रहा है। इस पर 1.40 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहां से निकलने वाले सीपेज को प्लांट के माध्यम से साफ किया जा सकेगा। जीडीए सचिव विवेक मिश्र ने बताया कि इस योजना को लेकर टेंडर जारी कर दिया है। यहां करीब 400 केएलडी का एसटीपी तैयार किया जाएगा। इसमें पांच साल तक का रखरखाव भी शामिल किया गया है। बता दें, जीडीए अपनी कई योजनाओं में विकास कार्य कर रहा है। इंद्रप्रस्थ योजना में पॉकेट डी से टीला मोड़ तक जाने वाले 12 मीटर रोड का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य के लिए भी टेंडर जारी कर दिया गया है। इस सड़क के निर्माण में 3.38 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे पहले भी इंद्रप्रस्थ योजनाओं की कई सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### 11 हजार केवी लाइन का तार टूटने से तुलसी निकेतन में पांच घंटे बिजली गुल

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जून ।** तुलसी निकेतन क्षेत्र में सोमवार सुबह 11 केवी बिजली लाइन की तार टूटने से करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। तड़के 4:30 बजे बिजली जाने के बाद निवासियों को पेयजल और गर्मी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी और आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बलवंत रावत के बताया कि बिजली न आने पर विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया, इसके बाद जानकारी मिली कि 11 केवी लाइन के तार टूट गया है। अधिकारियों ने जल्द लाइन की मरम्मत कर तार ठीक करने का और आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया। बिजली बाधित रहने के कारण घरों में दैनिक कार्य प्रभावित हुए।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के टैंक में गिरे दो युवक, दोनों भाइयों की मौत

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जून ।**



फरीदाबाद में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। नगर निगम के सीवरेज उपचार संयंत्र की टैंक में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना सुबह के समय हुई जब दोनों युवक टैंक की सफाई का काम कर रहे थे। घटना जीवन नगर भाग एक की बताई जा रही है।

मृतकों की पहचान 26 वर्षीय आकाश और अमन के रूप में हुई है। वे टैंक में चैन लगाने का काम कर रहे थे। हादसे की शुरूआत तब हुई जब टैंक में उतरे आकाश की सुरक्षा बेल्ट टूट गई। सुरक्षा बेल्ट टूटने से उसका संतुलन बिगड़ गया। आकाश सीधे टैंक के अंदर जा गिरा। अपने साथी को बचाने के लिए अमन तुरंत टैंक में उतर गया। दुर्भाग्यवश, अमन का पैर फिसल गया। वह भी टैंक के अंदर गिर गया। दोनों युवकों की टैंक के अंदर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। बचाव दल ने एक युवक का शव टैंक से बाहर निकाल लिया। दूसरे युवक के शव को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया गया। पुलिस ने इस दर्दनाक हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या सुरक्षा में कोई लापरवाही बरती गई थी। सीवरेज टैंक जैसे खतरनाक स्थानों पर काम करते समय विशेष सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य होता है। सुरक्षा बेल्ट का टूटना एक गंभीर सुरक्षा चूक की ओर इशारा करता है। यह घटना कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व को उजागर करती है। प्रशासन को ऐसे हादसों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।

इस हादसे से दोनों युवकों के परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है। घटना की खबर सुनते ही उनके घरों में मातम छा गया। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। वे सुरक्षा व्यवस्था में कमी को लेकर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस ने परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में विकास लाठर ने जीते दो स्वर्ण पदक, भारत का नाम किया रोशन





**» हरियाणा, यूटर्न/ 09 जून ।**

हरियाणा के जुलाना क्षेत्र के गांव देश खेड़ा के प्रतिभाशाली युवा एवं योग प्रशिक्षक विकास लाठर ने अंतर्राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे देश खेड़ा गांव, जुलाना क्षेत्र और लाठर परिवार में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों तथा क्षेत्रवासियों ने विकास को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने बताया कि 4 जून से 8 जून तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में विकास लाठर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल अपने परिवार और क्षेत्र, बल्कि पूरे देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

विकास लाठर की बहन डॉ. पिंकी देवी ने बताया कि विकास बचपन से ही योग के प्रति समर्पित रहा है और इससे पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पदक जीत चुका है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतना उसकी वर्षों की मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सच्चे समर्पण और निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है।

विकास के पिता जगदीश लाठर ने कहा कि उनके बेटे की मेहनत, लगन और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि विकास ने अपने प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर किए जाएं तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

विकास के ताऊ प्रताप लाठर ने बताया कि विकास की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि विकास ने युवाओं को खेल और योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

उल्लेखनीय है कि विकास लाठर वर्तमान में स्पोर्ट्स राई यूनिवर्सिटी में योगा कोच के पद पर कार्यरत हैं और योग के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उनकी इस सफलता पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं खेल संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# घरेलू गैस सिलिंडर महंगा होने से बिगड़ रहा बजट

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जून ।** घरेलू गैस सिलिंडर की बढ़ती कीमतों का असर अब घरों की रसोई पर साफ नजर आने लगा है। गैस सिलिंडर के दाम 29 रुपये बढ़ने के बाद महिलाओं की चिंता और बढ़ गई है। लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच सिलिंडर महंगा होने से रसोई का खर्च बढ़ गया है और परिवारों के लिए मासिक बजट संभालना मुश्किल होता जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि गैस सिलिंडर के साथ-साथ सब्जियां, दालें और अन्य खाद्य सामग्री भी महंगी हो गई है। ऐसे में सीमित आय में घर का खर्च चलाना चुनौती बन गया है। महिलाओं का कहना है कि हाल में हुई बढ़ोतरी के बाद घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। पहले जहां महीने भर का खर्च आसानी से निकल जाता था, वहीं अब रसोई के बढ़ते खर्च के कारण दूसरे खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। सिलिंडर की कीमत बढ़ने से घर का पूरा बजट प्रभावित हो रहा है। पहले जितनी राशि में महीने भर का खर्च निकल जाता था, अब उतने पैसे कम पड़ने लगे हैं।

# वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 09 जून ।** फर्रुखनगर में टीसीआई चौक के पास शनिवार की शाम को अज्ञात वाहन ने एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। देवर विमलेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। मृतका की पहचान लखीमपुर खीरी, यूपी के भोनापुर निवासी उमा देवी (42) के रूप में हुई है। वह पटौदी रोड स्थित कोल्ड चैन कंपनी में काम करती थी। आरोपी चालक वाहन को मौके से लेकर भाग गया। वहीं, दूसरे मामले में नवादा फतेहपुर गांव निवासी जगदीश चंद्र ने बताया कि 2 जून को एम3एम के पास टी-पॉइंट पर नौरंगपुर की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करावाया। उसकी रीढ की हड्डी में फ्रैक्चर आया है। पीड़ित का आरोप है कि स्कॉर्पियो को नवादा फतेहपुर गांव निवासी रवि चला रहा था जो कि उस पर इलाज का खर्चा देकर समझौते की बात कह रहे हैं।

# इंश्योरेंस और टायर संकट से जूझ रहीं एंबुलेंस

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 09 जून ।** स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस सेवाएं इन दिनों तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से प्रभावित हो रही हैं। विभाग की एक एंबुलेंस बीमा (इंश्योरेंस) नहीं होने के कारण सेक्टर-31 स्थित पॉलीक्लिनिक परिसर में खड़ी हैं, जबकि एक एंबुलेंस नए टायर नहीं मिलने की वजह से नागरिक अस्पताल में खड़ी है। इससे मरीजों को समय पर आपातकालीन परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-31 पॉलीक्लिनिक में खड़ी एंबुलेंस का बीमा 31 मई 2026 को समाप्त हो चुका है। आठ दिन से बीमा न होने के कारण वाहन को सड़क पर नहीं उतारा जा सका है। वहीं, नागरिक अस्पताल में खड़ी किलकारी एंबुलेंस के टायर काफी खराब हो चुके हैं। जेम पोर्टल पर टायर उपलब्ध न होने के कारण समस्या आ रही है। नए टायर उपलब्ध नहीं होने के कारण वाहन का संचालन प्रभावित है। मामला पहले संज्ञान में नहीं था, लेकिन अब इसकी जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। एंबुलेंस के बीमा और टायर से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर वाहन को दोबारा सेवा में शामिल किया जाएगा।

**डॉ लोकवीर, सीएमओ, स्वास्थ्य विभाग**

# सड़क हादसे के बाद महिला से अभद्रता, वीडियो वायरल करने की धमकी, दो आरोपी गिरफ्तार

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 09 जून ।**



गुरुग्राम पुलिस ने सोमवार को बताया कि राजीव चौक के पास एक सड़क दुर्घटना हुई। इस घटना के बाद 41 वर्षीय एसयूवी चालक महिला के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। कार में सवार कुछ नशे में धुत लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

सदर पुलिस स्टेशन में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तीन अन्य आरोपियों की पहचान हो चुकी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसका वीडियो बनाया। उन्होंने वीडियो को ऑनलाइन पोस्ट करने की धमकी भी दी। यह घटना 6 जून की रात करीब 8:10 बजे राजीव चौक फ्लाईओवर के पास हुई। महिला की गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर लगी। इसके बाद कई गाड़ियों की आपस में टक्कर हुई।

## घटना का विवरण

महिला फ्लाईओवर पर दाहिनी लेन में गाड़ी चला रही थी। उसके आगे की गाड़ी अचानक रुकने से उसे संभलकर ब्रेक लगाने पड़े।

तभी पीछे से एक और तेज रफ्तार गाड़ी ने अन्य कारों को टक्कर मारी। आरोपी गाड़ी से पांच-छह लोग निकले, जो बुरी तरह नशे में लग रहे थे। उन्होंने महिला को गालियां दीं और उसकी मर्जी के बिना वीडियो बनाए।

## पुलिस कार्रवाई और आरोपियों की पहचान

आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाने की धमकी दी। एक आरोपी ने उसकी गाड़ी का सामने का शीशा तोड़ दिया। उसने महिला को गलत तरीके से छूने की कोशिश भी की। पुलिस ने 22 वर्षीय कमल वर्मा और 29 वर्षीय सुजल वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों को सोमवार को शहर की अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# बड़े प्रोजेक्ट के नाम न हो देरी आर्किटेक्चर और इंजीनियर कार्य के लिए फर्म की ली जाएगी मदद

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जून ।**

जनपद में आने वाले बड़े प्रोजेक्ट में योजना और डिजाइन तैयार होने की प्रक्रिया में देरी न हो इसके लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एक कंसल्टेंसी फर्म को हायर करेगा। प्राधिकरण ने आरएफ(रिक्वेस्ट टू प्रपोजल) भी जारी किया गया है।

चीफ इंजीनियर आलोक रंजन ने बताया कि फर्म आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग से जुड़े कार्य में मदद करेगी। फर्म को किसी एक प्रोजेक्ट के लिए नहीं चुना जा रहा है। आने वाले दिनों में बड़ी योजनाओं में उनकी मदद ली जाएगी। ऐसा करने से योजना का कार्य तेजी से होगा। जुलाई तक फर्म का चुनाव कर लिया जाएगा।

## हरनंदीपुरम, एयरोसिटी और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम जैसे बड़े प्रोजेक्ट होने हैं लॉन्च

जानकारी के अनुसार विकास प्राधिकरण इसी साल तीन बड़े प्रोजेक्ट को लॉन्च कर वहां कार्य शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसमें हरनंदीपुरम और मोरटी में बनने वाला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम सबसे पहले है। हरनंदीपुरम को 70 हेक्टेयर पर लॉन्च करने का प्रस्ताव आने वाली बोर्ड बैठक में रखा जा सकता है। स्टेडियम का कार्य शासन से मंजूरी



के बाद शुरू होगा। साथ ही इसके साथ ही प्राधिकरण इसी वर्ष एयरोसिटी को शुरू करने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में फर्म की मदद से प्राधिकरण योजना के डिजाइन के साथ इंजीनियरिंग से जुड़े कार्य को समय से तैयार करेगा। इससे पहले फर्म को प्रोजेक्ट के लिए साथ लिया जाता था, इसमें कई बार देरी होती है। यह इस प्रोजेक्ट में न हो इसके लिए यह योजना तैयार की गई है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## गुमनाम नायकों को सम्मान देगी कंगना

अभिनेत्री कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की रिलीज से पहले एक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य उन गुमनाम नायकों को सम्मान देना है, जिन्होंने समाज और देश के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया, लेकिन उन्हें कभी व्यापक पहचान नहीं मिल सकी। अभियान के तहत कंगना रनौत भुवनेश्वर, रायपुर, जोधपुर, दिल्ली और जयपुर सहित कई प्रमुख शहरों का दौरा करेंगी। इस दौरान वे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत ऐसे लोगों से मुलाकात करेंगी, जिन्होंने अपने समर्पण, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा से समाज पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा है। इस सम्मान कार्यक्रम में विशेष रूप से आंगनवाड़ी कार्यकताओं, आशा वर्करों, स्वास्थ्यकर्मियों, नगर निगम कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और अन्य फ्रंटलाइन कर्मियों को शामिल किया जाएगा। इन सभी को उनकी निस्वार्थ सेवा, साहस और समाज के प्रति योगदान के लिए 'बैज ऑफ ऑनर' प्रदान किया जाएगा। यह अभियान फिल्म की मूल भावना से भी जुड़ा हुआ है।



## पुरानी परंपराओं को चुनौती देती है 'मां बहन': माधुरी दीक्षित

नेटफ्लिक्स पर अपनी हालिया रिलीज ड्रामा क्राइम कॉमेडी फिल्म मां बहन को लेकर बालीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित उत्साहित हैं। इस फिल्म के प्रमोशन में बिजी अभिनेत्री ने समाज में महिलाओं और पुरुषों के प्रति अलग-अलग नजरिए की बात करते हुए पितृसत्तात्मक सोच पर सवाल उठाया है। माधुरी ने कहा कि प्यार और रिश्तों के मामलों में समाज आज भी दोहरे मानदंड अपनाता है। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने कहा, 'यह एक पितृसत्तात्मक समाज है। शुरू से ही ऐसा होता आया है। अगर कोई पुरुष गर्लफ्रेंड बनाता है तो उसे 'कैसानोवा' या रोमियो कहा जाता है। लेकिन अगर कोई महिला वैसा ही करती है तो उसे बुरा-भला कहा जाता है और नकारात्मक नजरिए से देखा जाता है।' अभिनेत्री ने कहा कि उनकी फिल्म 'मां बहन' इन्हीं पुरानी परंपराओं और नियमों को चुनौती देती है। फिल्म में दिखाए गए किरदार कमियों से भरे, उलझे हुए और बिल्कुल असल जिंदगी जैसे हैं।

# कुछ ही दिन में नौकरी से निकाली गई थीं सोनम कपूर, आगे चलकर बनीं बॉलीवुड की फैशन क्वीन



बॉलीवुड में अक्सर स्टार किड्स की जिंदगी को बेहद आसान माना जाता है, लेकिन कई बार चमक-दमक के पीछे ऐसी कहानियां छिपी होती हैं, जिनसे लोग अनजान होते हैं। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर आज भले ही देश की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों और फैशन आइकन में गिनी जाती हों, लेकिन उनकी जिंदगी में भी ऐसे दौर आए जब उन्हें छोटी-सी नौकरी करनी पड़ी और वह भी ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकी। सोनम कपूर का जन्म 9 जून 1985 को मुंबई के चेंबूर में हुआ था। वह अभिनेता अनिल कपूर और पूर्व मॉडल सुनीता कपूर की बड़ी बेटी हैं। फिल्मी परिवार में जन्म लेने के बावजूद सोनम का सपना शुरू से अभिनेत्री बनने का नहीं था। उन्हें लेखन और निर्देशन में ज्यादा रुचि थी। अपनी पढ़ाई के दौरान वह सिंगापुर भी गईं। इसी दौरान उन्होंने अपने खर्चों और पॉकेट मनी के लिए एक रेस्टोरेंट में वेट्रेस की नौकरी की। हालांकि यह नौकरी ज्यादा समय तक नहीं चल सकी और कुछ ही दिनों बाद उन्हें वहां से हटा दिया गया। सोनम ने खुद कई इंटरव्यू में इस अनुभव का जिक्र किया है। फिल्मों में आने से पहले सोनम का वजन काफी ज्यादा था। एक समय उनका वजन लगभग 90 किलो तक पहुंच गया था। उन्हें पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम और हार्मोनल समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। लेकिन उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव तब आया, जब उन्होंने निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ फिल्म 'ब्लैक' में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया। भंसाली ने ही उन्हें अभिनय में आने के लिए प्रेरित किया और वजन कम करने की सलाह दी। सोनम ने कड़ी मेहनत से लगभग 35 किलो वजन कम किया और अभिनय की तैयारी शुरू की। साल 2007 में सोनम कपूर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'सांवरिया' से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म से रणबीर कपूर ने भी अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही, लेकिन सोनम को नई पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'दिल्ली-6', 'आई हेट लव स्टोरीज', 'आयशा', 'मौसम' और 'प्लेयर्स' जैसी फिल्मों में काम किया। शुरूआती सालों में उन्हें कई असफलताओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने प्रयास जारी रखे। सोनम के करियर में साल 2013 शानदार रहा। इस साल फिल्म 'रांझणा' रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसके बाद 'भाग मिल्खा भाग', 'खूबसूरत', 'प्रेम रतन धन पायो', 'पैडमैन', 'वीरे दी वेडिंग' और 'संजू' जैसी सफल फिल्मों ने उनके करियर को नई ऊंचाई दी। हालांकि, उनके करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में 'नीरजा' को प्रमुख माना जाता है। एयर होस्टेस नीरजा भनोट के जीवन पर आधारित इस फिल्म में उनके अभिनय की दर्शकों और समीक्षकों ने जमकर प्रशंसा की। 'नीरजा' के लिए सोनम कपूर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में स्पेशल मेंशन सम्मान मिला। इसके अलावा, उन्हें फिल्मफेयर क्रिटिक्स बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड भी दिया गया। यह फिल्म उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिनी जाती है। अभिनय के अलावा, सोनम ने फैशन की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनाई और उन्हें बॉलीवुड की 'फैशनिस्टा' के रूप में भी जाना जाता है। साल 2018 में सोनम कपूर ने उद्योगपति आनंद आहूजा से शादी की। शादी के बाद उन्होंने फिल्मों से थोड़ी दूरी बनाई और परिवार को समय देना शुरू किया। साल 2022 में वह बेटे वायु की मां बनीं। वह सोशल मीडिया के माध्यम से अपने फैंस से लगातार जुड़ी रहती हैं।

## रुतुराज गायकवाड़ का ये रिकार्ड शायद ही कोई तोड़ पाये

**मुम्बई, यूटर्न/ 09 जून।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की कप्तानी करने वाले बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ के नाम लिस्ट ए क्रिकेट में एक ऐसा विश्व रिकॉर्ड दर्ज है, जो न केवल असाधारण है बल्कि जिसे तोड़ पाना लगभग असंभव माना जाता है। साल 2022 में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए उत्तर प्रदेश के खिलाफ एक ही ओवर में लगातार सात छक्के लगाकर सभी को हैरान कर दिया था। इसी मैच में गायकवाड़ ने 220 रनों की धुआंधार पारी भी खेली थी, जिसने उनके इस ऐतिहासिक कारनामे को और भी यादगार बना दिया। यह अद्भुत घटना उत्तर प्रदेश के गेंदबाज शिवा सिंह के पारी के 49वें ओवर में घटी। गायकवाड़, जो उस समय तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे, ने उस ओवर की पहली छह गेंदों पर लगातार छह छक्के जड़े। इसके बाद, ओवर की अंतिम गेंद नो-बॉल करार दी गई, और गायकवाड़ ने उस फ्री-हिट का भी पूरा फायदा उठाते हुए उसे भी सीमा रेखा के पार भेज दिया। इस प्रकार, एक ही ओवर में उन्होंने सात छक्कों की मदद से कुल 43 रन बटोरे, जो लिस्ट ए क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का नया विश्व कीर्तिमान बन गया। यह एक ऐसा क्षण था जब विपक्षी गेंदबाज शिवा सिंह को अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हो रहा था कि एक बल्लेबाज एक ही ओवर में इस तरह से गेंद को मैदान के हर कोने में भेज सकता है। क्रिकेट इतिहास में एक ओवर में छह छक्के लगाने का कारनामा कई धुरंधर बल्लेबाजों ने किया है, लेकिन सात छक्के लगाने वाले रुतुराज गायकवाड़ दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं।




## डेब्यू टेस्ट में छाए मानव सुथार, भारतीय क्रिकेट को मिला नया स्पिन सितारा

**न्यू चंडीगढ़, यूटर्न/ 09 जून।** भारतीय क्रिकेट को युवा स्पिनर मानव सुथार के रुप में एक नया स्पिन सितारा मिल गया है। सुथार ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट मैच में सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया है। मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस एकमात्र टेस्ट मुकाबले में सुथार ने अपनी करिश्माई गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाजों के लिए एक अबूझ पहेली साबित हुए। उन्होंने अपनी पहली ही उपस्थिति में कुल सात विकेट झटककर भारतीय टीम को मजबूती प्रदान की है। मानव ने पहली पारी में सिर्फ 33 रन खर्च करते हुए 6 बहुमूल्य विकेट चटकाए, जो उनके शानदार नियंत्रण और विकेट लेने की क्षमता का प्रमाण है। दूसरी पारी में भी उन्होंने एक विकेट अपने नाम किया। यह प्रदर्शन न केवल टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है, बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए एक नई और होनहार स्पिन प्रतिभा के उभरने का स्पष्ट संकेत भी है। उनके इस दमदार आगाज से टीम प्रबंधन और प्रशंसकों दोनों में उत्साह का माहौल है। इस बेहतरीन प्रदर्शन के साथ ही मानव सुथार ने भारत के लिए टेस्ट डेब्यू पर तीसरा सबसे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा दर्ज करने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

# डब्ल्यूएचओ का दावा- कांगो में तेजी से पांव पसार रहा इबोला, युगांडा तक फैली बीमारी

» **जिनेवा, यूटर्न/ 09 जून ।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। कांगो में इबोला के मामलों की संख्या बढ़ रही है। यह बड़े इलाके में फैल रहा है और युगांडा तक सीमा पार पांव पसार रहा है।

डब्ल्यूएचओ ने इस मामले में ताजा अपडेट शेयर करते हुए कहा है कि डीआरसी के लिए रिस्क बहुत ज्यादा है। युगांडा सहित कांगो के उन पड़ोसी देशों के लिए, जो प्रभावित क्षेत्रों के साथ अपनी जमीनी सीमाएं साझा करते हैं, क्षेत्रीय स्तर पर यह जोखिम अधिक है। हालांकि, संगठन के अनुसार, शेष अफ्रीकी क्षेत्रों और वैश्विक स्तर पर इबोला संक्रमण का खतरा फिलहाल 'कम' बना हुआ है। रविवार तक, डीआरसी ने इबोला के 515 कन्फर्म केस बताए हैं, जिनमें 91 मौतें शामिल हैं। युगांडा ने 19 कन्फर्म मामले बताए हैं, जिनमें दो मौतें और एक संभावित



जानलेवा मामला शामिल है। युगांडा में सभी मामले महामारी विज्ञान के दृष्टिकोण से डीआरसी में इबोला के फैलने से जुड़े हुए हैं, जिसमें बाहर से आए संक्रमण और कॉन्टैक्ट और स्वास्थ्य श्रमिकों के बीच सेकेंडरी ट्रांसमिशन, दोनों के सबूत हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अन्य साझेदारों के सहयोग से प्रकोप से निपटने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। 15 जून को अफ्रीका सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (अफ्रीका सीडीसी) और डब्ल्यूएचओ ने संयुक्त रूप से महाद्वीपीय स्तर की इबोला तैयारी और प्रतिक्रिया योजना शुरू की। इस योजना के तहत 51.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि अफ्रीकी देशों को प्रकोप की तैयारी, समय रहते पहचान और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में सहायता मिल सके। इस बीमारी का कारण बुंडीबुग्यो वायरस बीमारी (बीवीडी) है, जो इबोला बीमारी का एक गंभीर और अक्सर जानलेवा रूप है। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि माना जाता है कि यह वायरस फ्रूट बैट से पैदा होता है और संक्रमित जानवरों के खून या स्राव या संक्रमित लोगों के बॉडी फ्लूइड के पास जाने से फैल सकता है।

बीवीडी का इन्क्यूबेशन पीरियड दो से 21 दिनों का होता है और संक्रमित लोग तब तक इस बीमारी को नहीं फैलाते जब तक उनमें लक्षण न दिखें।

इबोला ऑर्थोइबोलावायरस से होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जो फिलोविरिडे परिवार का हिस्सा है और इंसानों और दूसरे प्राइमेट्स में होती है। इस बीमारी की पहचान 1976 में जैरे (डीआरसी) और सूडान (अब दक्षिण सूडान) में लगभग एक साथ फैलने से हुई थी। इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो की वजह से अभी जो बीमारी फैली है, उसका आधिकारिक तौर पर 15 मई को ऐलान किया गया था। हालांकि बुंडीबुग्यो वेरिएंट, पिछले कई आउटब्रेक के लिए जिम्मेदार जैरे स्ट्रेन से कम समान्य है, फिर भी यह गंभीर बीमारी और मौत का कारण बन सकता है।

# नेतन्याहू को ट्रंप ने धमकाया कहा- देख लेना अकेले पड़ जाएंगे

### ईरान पर हमले को लेकर आपस में ही भिड़े ट्रंप-नेतन्याहू

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 09 जून ।**

अमेरिका और इजरायल के बीच ईरान के मुद्दे पर दूरियां लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर इजरायल ने ईरान पर बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू की, तो वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ सकता है। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच यह अहम और तीखी बातचीत तब हुई, जब हाल ही में 24 घंटे के भीतर इजरायल और ईरान के बीच दुश्मनी और सैन्य तनाव अपने चरम पर पहुंच गया था।

एक बयान में राष्ट्रपति ट्रंप ने नेतन्याहू के साथ हुई इस तनातनी वाली बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री से स्पष्ट कहा है कि वे सावधान रहें, अन्यथा बहुत जल्द इजरायल इस जंग में अकेला



पड़ सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी इस बात का सीधा संकेत है कि वह ईरान के साथ कूटनीतिक समझौते की कोशिशों को लेकर बेहद गंभीर हैं। उनका मानना है कि अगर यह युद्ध फिर से भड़कता है, तो तेहरान के साथ समझौते की कोशिशें पूरी तरह पटरी से उतर सकती हैं और अमेरिका भी इस क्षेत्रीय संघर्ष में गहरे तक खिंच जाएगा। यह चेतावनी तब सामने आई जब इजरायल ने बेरूत में हिजबुल्लाह से जुड़े ठिकानों पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दाग दीं। महीनों से ईरान के साथ समझौते पर जोर दे रहे ट्रंप ने नेतन्याहू से आगे पलटवार न करने का आग्रह किया है, क्योंकि उनका तर्क है कि कुछ ही दिनों के भीतर बातचीत में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### फिलीपींस में आये भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हुई

**मनीला, यूटर्न/ 09 जून ।** फिलीपींस के मिंडानाओ द्वीप के तट पर आये विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गयी है। फिलीपींस न्यूज एजेंसी के अनुसार, नागरिक सुरक्षा कार्यालय के उप प्रवक्ता डिएगो ऑगस्टिन मारियानो ने बताया कि मंगलवार सुबह छह बजे तक 37 मौतें दर्ज की गयीं, हालांकि इन आंकड़ों का अभी सत्यापन किया जा रहा है। गौरतलब है कि सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 37 मिनट पर मिंडानाओ द्वीप में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.8 मापी गयी।

भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप पर स्थित सारंगानी प्रांत के मासिम शहर के तट से 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। अधिकारियों के अनुसार, इस आपदा के कारण सारंगानी प्रांत और जनरल सैंटोस शहर सबसे गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। फिलीपींस के शिक्षा विभाग ने आज बताया कि भूकंप के कारण 40 लाख से अधिक विद्यार्थी, जबकि एक लाख से अधिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी भी प्रभावित हुए हैं। इस बीच, फिलीपींस ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे तक भूकंप के बाद 1,055 झटके दर्ज किये जा चुके हैं, जिनकी तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही है।

### तेजी से बढ़ रहा है इबोला का प्रकोप: डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा, यूटर्न/ 09 जून ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया कि इबोला बीमारी का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है और इसके कारण कांगो में अब तक 515 पुष्ट मामले सामने आ चुके हैं और 91 लोगों की मौत हो चुकी है। युगांडा में 19 पुष्ट मामलों के साथ दो लोगों की मौत हो गयी है। डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को बताया कि कांगो में संक्रमण की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है, क्योंकि यहां अब तक मिले मामलों में मृत्यु दर 17.7 प्रतिशत दर्ज की गयी है। वास्तविक मौतें हालांकि इससे कहीं ज्यादा हो सकती हैं, क्योंकि महामारी घोषित होने से पहले हुई कई मौतों की जांच अभी चल रही है। कांगो के 25 'हेल्थ जोन' इस बीमारी की चपेट में हैं, जिनमें से अकेले 'इतुरी' प्रांत में सबसे ज्यादा 94 प्रतिशत मामले दर्ज किये गये हैं।

# पाकिस्तान में प्रतिबंध के बाद भारी हिंसा में 11 की मौत

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हालात बेकाबू

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 09 जून**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर हालात पूरी तरह बेकाबू हो गए हैं। नागरिक समाज के संगठन जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में भयंकर अशांति फैल गई है। आज मंगलवार को बुलाए गए पूर्ण क्षेत्र बंद से ठीक पहले रावलकोट में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई हिंसक झड़पों में कम से कम 11 लोगों की जान चली गई है, जबकि 70 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बिगड़ते



हालातों को देखते हुए संगठन ने पूर्ण रूप से शटर-डाउन और चक्का जाम हड़ताल का आ'ान किया है, जिससे इलाके में एक बार फिर बड़े बवाल की आशंका पैदा हो गई है।

यह ताजा हिंसा उस वक्त भड़की जब प्रदर्शनकारी एक अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर इकट्ठा हुए थे, जहां इससे पहले हुई एक गोलीबारी में मारे गए कार्यकर्ता का शव रखा गया था। प्रशासन ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत पिछले हफ्ते ही इस संगठन को प्रतिबंधित घोषित किया था। अपनी शुरुआती योजना के मुताबिक, संगठन ने दक्षिणी जिले भिंबर से एक लॉन्ग मार्च शुरू करने का ऐलान किया है, जो विभिन्न जिलों से होते हुए विधानसभा के बाहर धरने में तब्दील होगा। हालांकि, अधिकारियों ने इस मार्च पर पूरी तरह रोक लगा दी है और अब तक 200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

### रावलकोट में भारी हिंसा डॉक्टर जान बचाकर भागे

रावलकोट में रविवार आधी रात को स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई जब प्रदर्शनकारियों ने कंबाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल का रास्ता रोककर उसे अपने नियंत्रण में ले लिया, जिसके कारण डॉक्टरों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, उपद्रवियों ने गलियों में छिपकर गोरिल्ला युद्ध की तर्ज पर पेट्रोल बम और अत्याधुनिक हथियारों से सुरक्षाकर्मियों पर हमले किए। पुंछ सेक्टर के कमिश्नर ने बताया कि इस गोलीबारी में 4 पुलिसकर्मी, 1 राहगीर और जवाबी कार्रवाई में 6 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं। पुलिस प्रमुख के अनुसार, झड़पों में 23 सुरक्षाकर्मी और 50 प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं।

हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि मरने वाले आम नागरिकों की संख्या सरकारी आंकड़ों से कहीं अधिक है। इस जन-आक्रोश की मुख्य वजह 45 सदस्यों वाली विधानसभा में उन शरणार्थियों के लिए 12 सीटें आरक्षित करने का सरकारी फैसला है, जो कश्मीर से बाहर पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में रहते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह फैसला उनके प्रतिनिधित्व को कमजोर करता है।

# होर्मुज में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के दोनों पायलट सुरक्षित : ट्रंप

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 09 जून ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास एक अमेरिकी अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं। रॉयटर्स के अनुसार, वाशिंगटन डीसी लौटने से पहले जॉन एफ कैनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा, 'पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस घटना पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रशासन जारी करेगा, लेकिन फिलहाल मैं इतना कह सकता हूं कि दोनों पायलट ठीक हैं।'

इससे पहले, न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि अमेरिकी सेना का एक अपाचे गनशिप हेलीकॉप्टर होर्मुज के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, हेलीकॉप्टर के गिरने के पीछे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना के बाद



दोनों पायलटों को सफलतापूर्वक बचा लिया गया और वे सुरक्षित हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने फिलहाल घटना के कारणों पर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। इसके साथ ही ट्रंप ने दावा किया है कि इजरायल और ईरान फिलहाल तनाव कम करने पर सहमत हो गए हैं और अगले एक सप्ताह तक एक-दूसरे के खिलाफ कोई नई सैन्य कार्रवाई नहीं करेंगे। उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हुई बातचीत के बाद ये बयान दिया। पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, 'नेतन्याहू के साथ बेहद सकारात्मक चर्चा हुई।

# कांगो में इबोला के मामले बढ़कर 550 हुए, लगातार बढ़ रहा बीमारी का प्रकोप

**किन्शासा, यूटर्न/ 09 जून ।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला के मामलों की संख्या बढ़कर 550 हो गई है, जिनमें 101 मौतें शामिल हैं। इसी बीच, स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस बीमारी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को जारी एक अपडेट के अनुसार, रविवार को पूर्वी प्रांतों इतुरी और नॉर्थ किवु में 35 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें 10 मौतें शामिल हैं। इस दौरान सात मरीज ठीक हुए, जिसके बाद इबोला से ठीक होने वालों की कुल संख्या 19 हो गई।

बयान में कहा गया है कि बीमारी का प्रकोप अभी भी हर हफ्ते बढ़ रहा है। महामारी के आंकड़ों में हाल ही में दिखी मामूली गिरावट शायद लैब से अपडेट मिलने में देरी की वजह से हो सकती है, न कि संक्रमण के फैलने की रफ्तार धीमी होने की वजह से।

रविवार तक, 309 लोग आइसोलेशन में थे या अस्पताल में भर्ती थे; इनमें 116 कन्फर्म और 193 संदिग्ध मामले शामिल थे। प्रभावित तीन प्रांतों में कॉन्टैक्ट फॉलो-अप दर बढ़कर 64.4 प्रतिशत हो गई; इसमें 5,418 कॉन्टैक्ट फॉलो-अप के दायरे में थे और 3,489 की जांच की गई। यह दर 95 प्रतिशत के लक्ष्य से काफी नीचे रही।

नॉर्थ किवु में लैब की क्षमता पर दबाव बना रहा,



क्योंकि रिएजेंट की कमी के कारण 183 टेस्ट के नतीजे पेंडिंग थे। इबोला वायरस के बुंडिबुग्यो स्ट्रेन से फैले इस मौजूदा प्रकोप की आधिकारिक घोषणा डीआरसी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 15 मई को की थी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित प्रांतों, इतुरी, नॉर्थ किवु और साउथ किवु, की कुल आबादी लगभग 1.5 करोड़ है और यहां के लोग बड़े पैमाने पर आंतरिक रूप से विस्थापित हो रहे हैं और पड़ोसी देशों की ओर पलायन कर रहे हैं। इबोला एक गंभीर बीमारी है जो ऑर्थोइबोलावायरस से होती है। ये वायरस फिलोविरिडे परिवार का हिस्सा हैं और यह बीमारी इंसानों और दूसरे प्राइमेट्स में होती है। इस बीमारी की पहचान 1976 में जैरे (डीएरसी) और सूडान (अब दक्षिण सूडान) में लगभग एक साथ फैले संक्रमण के दौरान हुई थी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *